आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 316 ● कटनी ● गुरुवार, 23 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## पीएम मोदी स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के साथ बैठक करेंगे

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना को लेकर आज हाई लेवल समीक्षा बैठक बुलाई है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और दूसरे कई विभागों के अफसर मौजूद रहेंगे। इस दौरान ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने को लेकर चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के वाराणसी से लौटने के बाद शाम को बैठक होगी।माना जा रहा है कि मीटिंग में कोरोना गाइडलाइन को और ज्यादा सख्त करने पर बातचीत होगी।



# लॉकडाउन जैसी पाबंदियां फिर लौटीं

## कर्नाटक में न्यू ईयर के जश्न पर पाबंदी, दिल्ली में भी पार्टियों पर रोक

**नई दिल्ली। भारत में भी ओमिक्रोन के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। 2 दिसंबर को भारत में ओमिक्रोन का पहला मरीज सामने आया था और 20 दिन में यह संख्या 238 पहुंच गई है। इस बीच, क्रिसमस और न्यू ईयर के कारण भीड़ जुटने का खतरा बढ़ गया है। यही कारण है कि केंद्र सरकार की चिट्ठी मिलने के बाद राज्यों ने लॉकडाउन जैसी पाबंदियों पर काम करना शुरू कर दिया है। इसी बीच राज्य सरकारें हरकत में आ गई हैं और क्रिसमस से लेकर नए साल के जश्न तक को लेकर कई पाबंदियों का ऐलान किया गया है।**

वहीं, कुछ राज्यों में 18 साल से ऊपर के सभी छात्रों के लिए कोरोना टीकाकरण अनिवार्य किया गया है तो कहीं विदेश से आने वाले कोरोना पॉजिटिव यात्री के लिए इंस्टीट्यूशनल क्वॉरंटीन को अनिवार्य किया गया है। जैसे कर्नाटक में न्यू ईयर के जश्न पर पाबंदी लगा दी गई है। दिल्ली में भी पार्टियां नहीं हो सकेंगी। दिल्ली सरकार ने कहा कि बार और सिनेमाघर भी 50प्रश कैपेसिटी के साथ ही खुलेंगे। इसके



### महाराष्ट्र में स्कूल बंद करने पर मंथन

अलावा भीड़ के इकट्ठा होने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर भी रोक लगा दी गई है। मुंबई में पार्टी में शामिल होने वाले मेहमानों की संख्या सीमित कर दी गई है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर जांच में हर पांच में से एक मरीज ओमिक्रॉन संक्रमित

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी( आईजीआईबी) का कहना है कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परीक्षण करने वाले प्रत्येक पांच यात्रियों में से एक मामला ओमिक्रॉन का मिल रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि आईजीआईबी में हर दिन 15 से 20 नमूनों का अनुक्रम किया जा रहा था। दिल्ली में दो दिसंबर को तंजानिया से लौटे 37 वर्षीय व्यक्ति में ओमिक्रॉन का पहला मामला सामने आया था। पिछले 20 दिनों में यह संख्या 57 हो गई है। पिछले 24 घंटों में इस वैरिएंट के तीन नए मामलों की पुष्टि हुई है। जो डेल्टा वैरिएंट की तुलना में तीन गुना अधिक संक्रामक है। तमिलनाडु में ओमिक्रोन के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एम.ए.सुब्रमण्यम ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि बुधवार तक तमिलनाडु में केवल एक मामला था लेकिम एक दिन में अचानक मामले बढ़ गए। जिससे देश में इस नए वैरिएंट से कुल संक्रमितों की संख्या 280 हो गई।

### स्कूलों में लौटी कोरोना की दहशत

**बिलासपुर में 23, नदिया में 29, अंबाला में 4 तो जालंधर में 25 छात्र सक्रंमित**

स्कूलों में कोरोना वायरस की दहशत लौट आई है। हिमाचल के बिलासपुर में 23, पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में 29, हरियाणा के अंबाला में चार तो पंजाब के जालंधर में 25 छात्र कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। इससे एक बार फिर बड़े खतरे की आशंका दिखाई दे रही है। एक तो सर्दी का मौसम और दूसरा स्कूलों में परीक्षाओं का सीजन दोनों के कारण अभिभावकों की भी चिंताएं बढ़ने लगी हैं। हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर के भुलस्वाएं गांव में बुधवार को कोरोना संक्रमण के कारण एक व्यक्ति की मौत होने से दहशत का माहौल है। वहीं, बुधवार को जिले के देलग स्कूल के 23 बच्चे कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।वहीं, पश्चिम बंगाल के नदिया जिले स्थित नवोदय विद्यालय में 29 विद्यार्थी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

### जयपुर के मॉल में शर्मनाक हरकत

## चोरी के शक में महिला के कपड़े उतरवाए

**जयपुर।** जयपुर के मॉल में चेकिंग के नाम पर महिला के कपड़े उतरवा दिए गए। शर्मसार करने वाली यह घटना JLN मार्ग पर स्थित वर्ल्ड ट्रेड पार्क मॉल में एक शोरूम की है। पीड़ति महिला 20 दिसंबर की शाम करीब पौने आठ बजे मॉल में स्थित मार्क एंड स्पेंसर शोरूम में शॉपिंग करने गई थी। उसने कुछ कपड़े पसंद किए और ट्रायल लेने के लिए चेंजिंग रूम में गई। पीड़ित ने ट्रायल रूम के बाहर खड़े लड़के से अपने साइज के कपड़े मंगवाए। सेल्समैन कपड़े लेकर आया और महिला को दिए। कपड़े ट्राई करने के बाद पीडित अपने पसंद के कपड़े लेकर बाहर आई और बिलिंग करवाने कैश काउंटर पर गई। तभी सेल्समैन ने कहा कि ट्रायल किए कपड़ों में एक पीस कम है। पीड़ित ने अपना छोटा बैग दिखाया और बैग को चेक करवाया।जब महिला के बैग में कुछ नहीं मिला तो सेल्समैन ने एक दूसरे सेल्समैन को बुला लिया। दोनों सेल्समैन ने सिक्योरिटी गार्ड को बुलाने को कहा। महिला ने जब शोरूम मैनेजर को बताया तो शोरूम मैनेजर ने भी उसकी बात नहीं सुनी। महिला गार्ड को बुलाया। महिला गार्ड सबके सामने महिला को चेंजिंग रूम में ले गई और कपड़े उतरवाकर तलाशी ली। महिला गार्ड को जब कुछ नहीं मिला तो शोरूम मालिक और मैनेजर को बताया। पीड़ित आंसू बहाती रही मगर किसी ने उसकी बात नही सुनी। चैकिंग में कुछ नहीं मिलने पर पीड़ित को जाने दिया।

### फटाफट खबरें

### गरीब महिलाओं के विश्वास को बेच दिया गया, अयोध्या में दलितों की जमीन हड़पी गई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने गुरुवार को दिल्ली में एक प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं के विश्वास को बेच दिया गया। महिलाओं के साथ धोखा किया गया है। प्रियंका ने कहा कि अयोध्या में दलितों की जमीन हड़पी गई है। प्रियंका ने कहा कि देश के लगभग हर घर ने राम मंदिर ट्रस्ट को कुछ न कुछ दान दिया है। घर-घर जाकर प्रचार भी किया गया। यह भक्ति की बात है और इसके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। दलितों की जमीन के टुकड़े, जिन्हें खरीदा नहीं जा सकता था, हड़प लिया गया। प्रियंका ने कहा कि जमीन के कुछ टुकड़े कम मूल्य के थे और ट्रस्ट को बहुत अधिक कीमत पर बेचे गए थे।

### शर्मनाक हरकत-वकील महिला के साथ अंतरंग हुआ, प्रैक्टिस से सस्पेंड

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट के वकील को वर्चुअल हियरिंग के दौरान एक महिला के साथ अंतरंग होने पर प्रैक्टिस से सस्पेंड कर दिया गया है। आरडी संथाना कृष्णन नाम के वकील को देश के सभी कोर्ट्स, ट्रिब्यूनल्स और अथॉरिटीज में प्रैक्टिस करने से रोक दिया गया है। तमिलनाडु और पुडुचेरी की बार काउंसिल ने इस मामले को लेकर एक प्रेस रिलीज जारी की है। इसके मुताबिक, जब तक कृष्णन के खिलाफ लंबित अनुशासनात्मक कार्रवाई का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक वह अपने या किसी दूसरे नाम से प्रैक्टिस नहीं कर सकेगा।

### सरकारी अफसरों से 19 करोड़ ठगे, पिता-पुत्र बंधे

**नई दिल्ली ।** आईआरएस समेत पूर्व व मौजूदा करीब 600 बड़े सरकारी अधिकारियों से 19 करोड़ की ठगी के आरोप में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पिता-पुत्र की जोड़ी को गिरफ्तार किया है।आरोपयों की पहचान पश्चिम विहार निवासी अशोक शर्मा (69) और इसके बेटे नित्या शर्मा (37) के रूप में हुई है। पिता-पुत्र की जोड़ी ने नरेला जोन में डीडीए की लैंड पूलिंग योजना के तहत विभिन्न कैटगिरी में फ्लैट देने का झांसा देकर ठगी की।




## मप्र के मंत्री, डॉक्टर, एक्टर बिजली बिल ना देने वालों की टॉप लिस्ट में

### बकाएदारों की सूची में SP ,कलेक्टर के बंगले का भी नाम

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मंत्री, डॉक्टर, एक्टर समेत कई हस्तियों के नाम बिजली बिल ना देने वालों की टॉप लिस्ट में शुमार किया गया है। इस लिस्ट में राज्य के राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का नाम सबसे ऊपर है। राज्य बिजली विभाग ने बिजली बिल डिफॉल्टरों की एक सूची जारी की है और इस सूची में गोविंद सिंह राजपूत टॉप पर हैं। इस लिस्ट में मंत्री के छोटे भाई गुलाब सिंह राजपूत का नाम भी शामिल है। इसके अलावा में डॉक्टर, एक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हैं। एक हैरानी की बात यह भी है कि बिजली बिल के बकायेदारों के नाम में कलेक्टर के बंगले और एसपी के कार्यालय का नाम भी है। विभाग के मुताबिक गोविंद सिंह राजपूत पर बिजली का करीब 84,388 रुपए का बिल बकाया है, इसलिए उन्हें इस सूची में टॉप पर रखा गया है। उनके भाई गुलाब सिंह इस लिस्ट में 5वें स्थान पर हैं। उनपर 34,667 रुपए का बकाया है।

#### किसपर कितना उधार..

विभाग के मुताबिक कलेक्टर के बंगले पर 11,445 रुपए, कैंट के सीईओ पर 24,700 रुपए, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर 23,428 रुपए का उधार है। इसके अलावा वकीलचंद गुप्ता को 40,209 रुपए बिजली विभाग को देने हैं। सूर्यांश सुशील तिवारी को 27,073 रुपए तथा एसएएफ 16 बटालियन के कार्यालय को 18,650 रुपए बिजली का बिल अभी चुकाना है।

#### बत्ती गुल होने का खतरा

बिजली विभाग ने सभी बकायेदारों को एसएमएस के जरिए भी सूचित किया है। इससे पहले भी बकाये रकम को लौटाने का आग्रह विभाग इन सभी से कर चुका है। विभाग ने इनसे फिर कहा है कि वो बकाये बिजली बिल का भुगतान जल्द कर दें वरना अब उनकी बत्ती गुल कर दी जाएगी यानी बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिजली बिल रिकवरी के संबंध में विभाग के इंजीनियर, एसके सिन्हा, ने कहा कि सागर नगर डिविजन में 91,000 उपभोक्ता हैं। इनमें से 67,000 ने बिजली का बिल दिया है। अन्य बचे हुए उपभोक्ताओं को फोन किया जा रहा है। एसएमएस और नोटिस के जरिए उनसे आग्रह किया जा रहा है कि वो बिजली का बिल भर दें। अगर बिल नहीं भरा गया तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

#### ऊर्जा मंत्री कर रहे अपील

इधर न्यूज एजेंसी से बातचीत में राज्य के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वो जल्द से जल्द बकाये बिजली बिल का भुगतान कर दें। उन्होंने कहा, च्मैं उन सक्षम उपभोक्ताओं से अपील करता हूं कि वो सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द से अपना बिजली बिल भर दें। अगर वो बिजली का बिल नहीं भरते हैं तो सरकार अपना करेगी। जो लोग सक्षम हैं और बिल नहीं भर रहे उनकी बिजली काट दी जाएगी। कोई कानून से ऊपर नहीं है। मेरे लिए सभी एक-समान हैं।

### मप्र विस में सर्वसम्मति से संकल्प पारित

## बिना ओबीसी आरक्षण के पंचायत चुनाव नहीं

#### सुप्रीम कोर्ट पहुंची शिवराज सरकार



**भोपाल।** पंचायत और निकाय चुनाव में चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण समाप्त किए जाने के आदेश पर पुनर्विचार के लिए शिवराज सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी है। इसमें आग्रह किया गया है कि पिछड़ा वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। सरकार के साथ-साथ कुछ किसान संगठनों ने भी इस संबंध में याचिका दायर की है। शासन में राज्य निर्वाचन आयोग की ओबीसी आरक्षण के संबंध में सरकार द्वारा की जा रही कवायद के बारे में पत्र भी लिखा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा था कि सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जा रही है।

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में सदन के नेता सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह सदन सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित करता है कि बिना ओबीसी आरक्षण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ना कराए जाएं। सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का समर्थन किया। मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हम हर संभव कोशिश करेंगे कि बिना ओबीसी के चुनाव ना हो इसके लिए सभी प्रक्रिया कर रहे हैं।विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज चौथा दिन है। सुबह 11 बजे सदन में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने पंचायत चुनाव का मुद्दा उठाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर सरकार कुछ नहीं कर रही है। एक तरफ पंचायत चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, दूसरी ओर कोर्ट में जाने की बात कही जा रही है। नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने कहा कि हम चाहते हैं चुनाव को तत्काल रोका जाए। इसके जवाब में गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि हमने रिव्यू पिटीशन दाखिल कर दी है। आज अर्जेंट हेयरिंग को लेकर कोर्ट से आग्रह कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस के विधायक उनके इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और आसंदी के सामने आकर नारेबाजी करने लगे। इस पर



#### आसंदी के सामने नारेबाजी

नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस यहां पर घड़ियाली आंसू बहा रही है प्रतिदिन प्रश्नकाल को बाधित किया जा रहा है। हमने जो कहा उसका अक्षरश- पालन कर रहे हैं। ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव हो, हम इसी दिशा में आगे बढ रहे हैं। तभी सत्ता पक्ष से विश्वास सारंग और भूपेंद्र सिंह खड़े हुए और विपक्ष से बहस करने लगे। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि गुजरात और छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव हो रहे हैं, लेकिन मप्र में कांग्रेस ने कोर्ट में जाकर ओबीसी आरक्षण को रोकने का काम किया है। विवेक तन्खा वहां पर पैरवी कर रहे हैं। हंगामे के कारण विधानसभा की कार्यवाही 15 मिनट और फिर दस मिनट के लिए स्थगित की गई। कार्यवाही पुन- शुरू होने पर विपक्ष ने फिर हंगामा करना शुरू कर दिया।

## शत्रुघ्न सिन्हा E D के रडार पर

### 60 हजार वर्गफीट जमीन मामले में धांधली का लगा आरोप

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय के बाद अब फिल्म स्टार और पूर्व सांसद शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी व बेटे पर भी E D शिकंजा कस सकता है। सूत्रों की मानें तो शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम व बेटे कुश सिन्हा के खिलाफ शिकायत एक जमीन के मामले को लेकर दर्ज की गई है। यह मामला साल 2002 का बताया जा रहा है।



शिकायतकर्ता संदीप दबाधे का कहना है कि उनके पिता गोरखनाथ दबाधे ने अपनी 60 हजार वर्गफीट जमीन की पॉवर ऑफ अटॉर्नी शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे कुश और उनकी पूनम के नाम 2002 में कर दी। उसके बाद साल 2007 में गोरखनाथ की मौत हो गई। कानून के मुताबिक उस जमीन का मालिकाना हक हमारा होना चाहिए।संदीप आगे कहते हैं कि इस जमीन को शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे कुश ने बेचने की कोशिश की है। उनका यह भी आरोप है कि उनके पिता के नाम का फायदा उठाकर इस जमीन को राजस्व विभाग में अपने नाम से दिखाने की भी कोशिश की गई है। वे कहते हैं कि सिन्हा परिवार के लोग इस जमीन का 2004 से ही इस्तेमाल कर रहे हैं। इसको लेकर हमने पहले मुंबई पुलिस से शिकायत की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसके बाद हमने श्रेष्ठ को डाक के जरिए शिकायत भेजी है।

### आईपीएल ऑक्शन में खिलाड़ियों की चांदी फरवरी में नीलामी

**मुंबई ।** IPL 2022 के मेगा ऑक्शन की तारीखें सामने आ गई हैं। ऑक्शन 12 और 13 फरवरी को होगा। इसका आयोजन बेंगलुरु में किया जाएगा। क्रिकबज के अनुसार, IPL अधिकारियों ने सभी फ्रेंचाइजियों को इस बारे में जानकारी दे दी है। ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों के रिटेन होने की लिस्ट आई थी। कोलकाता के वेंकटेश अय्यर और सनराइजर्स हैदराबाद के उमरान मलिक की सैलरी तो 39 गुना ज्यादा बढ़ गई थी। चेन्नई के ऋतुराज गायकवाड को 2022 के सीजन में 6 करोड़ मिलेंगे, जबकि 2021 सीजन में इस खिलाड़ी की सैलरी सिर्फ 20 लाख थी। इस मेगा ऑक्शन में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो मालमाल हो सकते हैं।

## लुधियाना जिला कोर्ट में धमाका, 2 की मौत, 5 घायल

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना जिला कोर्ट में धमाके से दो लोगों के मारे जाने की खबर है। जिला कोर्ट के दूसरे फ्लोर पर हुए इस धमाके में पांच अन्य लोगों के घायल होने की भी जानकारी मिली है। हालांकि, यह धमाका क्यों हुआ, किसने किया इन सब बारे में अधिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। धमाके से दीवार ढह गई है और 2 लोगों की मौत बताई जा रही है, लेकिन अभी कोई इसकी पुष्टि नहीं कर रहा। धमाका तीसरी मंजिल पर कोर्ट नंबर 9 के पास हुआ। सिलेंडर फटने की आशंका जताई जा रही है। धमाके के बाद वहां भगदड़ मच गई।



धमाके के बाद जांच में जुटी पुलिस

## चीन में अब तक का सबसे बड़ा लॉकडाउन

### 1.30 करोड़ लोगों को किया घरों में कैद

**नई दिल्ली।** भारत समेत पूरी दुनिया अभी कोरोना महामारी के नए वेरिएंट ओमिक्रोन से जूझ रही है। इस बीच, कोरोना महामारी के जन्मदाता चीन से बड़ी खबर आ रही है। यहां के पश्चिमी शहर शीआन में कोरोना के विस्फोट हुआ है। इसके बाद यहां अब तक का सबसे बड़े लॉकडाउन लगा दिया गया है। शीआन शहर की कुल आबादी करीब 1 करोड़ 30 लाख है। यहां सब कुछ बंद कर दिया गया है। किसी को बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। शीआन शहर के इस लॉकडाउन को वुहान में कोरोना संक्रमण फैलने के बाद का सबसे बड़ा लॉकडाउन बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने लगातार आमने आ रहे कोरोना मामलों को काबू करने के लिए गुरुवार को पश्चिमी शहर शीआन को पूरी तरह बंद कर दिया। वुहान में महामारी शुरू होने के बाद से यह सबसे बड़ा कदम है।

### नोरा फतेही बनीं सरकारी गवाह-जैकलीन के दोस्त कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के खोलेंगी राज



**मुंबई।** 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ फिल्म एक्ट्रेस नोरा फतेही सरकारी गवाह बन गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय नोरा से इस मामले में पहले ही पूछताछ कर चुका है। इससे पहले सुकेश चंद्रशेखर ने ईडी को दिए बयान में जैकलीन फर्नांडिस और नोरा फतेही के अलावा शिल्पा शेट्टी, श्रद्धा कपूर, हरमन बावेजा जैसे कई बॉलीवुड सेलेब्स का नाम लिया था। अब इस मामले में नोरा फतेही के सरकारी गवाह बनने से सुकेश चंद्रशेखर की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ती हुई दिख रही हैं।

### खोज : खगोलीय अध्ययन में खुलासा

## सूर्य से एक लाख गुना ज्यादा चमकदार हो सकते हैं निष्क्रिय न्यूट्रॉन तारे

**गोरखपुर।** हमारी आकाशगंगा से बाहर करीब 130 लाख प्रकार्श वर्ष दूर हुए खगोलीय घटना के अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि मैग्नेटार (विशेष प्रकार के न्यूट्रान तारे) निष्क्रिय अवस्था में भी सूर्य से एक लाख गुना ज्यादा चमकदार हो सकते हैं। इस खगोलीय घटना के अध्ययन में विस्फोट के चरम पर देखे गए, कई ऐसे स्पंदनों (दोलन) का रहस्योद्घाटन हुआ है, जिनसे इन खगोलीय पिंडों के बारे में अभी भी अल्पज्ञात विशाल चुंबकीय ज्वालाओं को समझना संभव हो पाएगा। इससे तीव्र रेडियो विस्फोटों के बारे में और अधिक जानने का मार्ग प्रशस्त होगा। जो अब तक के खगोल विज्ञान में सबसे गूढ़ घटनाओं में से एक है।नेचर पत्रिका ने अंडालूसिया शोध संस्थान (आईएए-सीएसआईसी स्पेन) के वैज्ञानिक प्रो. अल्बर्टो जे. कास्त्रो-तिराडो के नेतृत्व में वैज्ञानिक सहयोग समूह के शोधपत्र को प्रकाशित किया है। वैज्ञानिकों के इस समूह में भारत के आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान, नैनीताल (एरीज)के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शशि भूषण पांडेय और जेवियर पास्कुअल (आईएए-सीएसआईसी, स्पेन) और बार्गेन विश्वविद्यालय, नार्वे के शोधकर्ता डा. ओस्टगार्ड भी शामिल थे। बुधवार को डॉ. शशि भूषण पांडेय गोरखपुर में थे और उन्होंने अमर उजाला से शोध के बारे में विस्तार से चर्चा की।डा. पांडेय ने बताया कि मैग्नेटार एक विशेष रूप से चुंबकीय प्रकार का न्यूट्रॉन तारा है जो कि एक सेकेंड के दसवें हिस्से में, सूर्य द्वारा 1,00,000 वर्षों में उत्पादित ऊर्जा के बराबर ऊर्जा उत्सर्जित किया है। यह मैग्नेटार विस्फोट 15 अप्रैल 2020 (जीआरबी 200415) को हुआ।



#### 3.5 मिली सेकंड में गायब हो गए स्पंदन

कुछ मिलीसेकंड (एक सेकेंड के हजारवें हिस्से) में चुंबकीय पुन- संयोजन प्रक्रिया समाप्त हो जाती है। कुछ इसी प्रकार ही, इस जीआरबी 200415 (मैग्नेटार) में भी स्पंदनों का पता लगा, जो मुख्य विस्फोट के बाद लगभग 3.5 मिली सेकंड में गायब हो गए।

## किताब में हिंदू धर्म की तुलना ISIS से

### सलमान खुर्शीद के खिलाफ FIR

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। सलमान खुर्शीद ने अपनी किताब सनराइज ओवर अयोध्या- नेशनहुड इन आवर टाइम किताब में सनातन हिंदू धर्म की तुलना बोको हराम और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों से की थी। इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए लखनऊ के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शांतनु त्यागी ने बख्शी का तालाब थाना प्रभारी को तीन दिन में प्राथमिकी की प्रति अदालत में पेश करने को कहा। मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में कहा, आवेदन और इसके समर्थन में उठाए गए तर्कों के अवलोकन से मेरा मानना है कि सलमान खुर्शीद के खिलाफ संज्ञेय अपराध हैं।

## 26 दिसंबर तक रहेगी कड़ाके की ठंड



**कटनी।** पहली बार ऐसा हुआ है जब ठंड से पूरा जिला ठिठुर गया है। 1916 में 8 डिग्री सेल्सियस तक तापमान रहा है। 1901 से पहली बार ऐसा कटनी जिले में रात का तापमान 5 डिग्री के नीचे लुढ़का है। गांव से लेकर शहर तक शीतलहर का प्रकोप है। लोग ठंड से बचने जहां तरह-तरह के जतन कर रहे हैं तो वहीं अन्नदाता भी फसलों को पाला से बचाने के लिए चिंतित नजर आ रहे हैं। मंगलवार को अधिकतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रात का तापमान 3.02 डिग्री सेल्सियस रहा। बता दें कि यह तापमान 24 दिसंबर तक ऐसा ही बना रहेगा। 25 दिसंबर को दिन के तापमान में गिरावट होगी और रात के तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। इसके बाद दिन का तापमान बढ़ेगा और रात को बढना शुरू हो जाएगा। यह स्थिति 26 दिसंबर से बनेगी। कृषि मौसम वैज्ञानिक के अनुसार पूर्वा हवा चल रही है। आसमान पूरा साफ है, जिसके कारण रात्रिकालीन तापमान 5 डिग्री के नीचे बना हुआ है। दिसंबर 2020 में सबसे कम तापमान 19 दिसंबर को रात का तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं दिन का अधिकतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस रहा है। बता दें कि बादल छटने के कारण ठंड बढ़ी है। कटनी जिले में बारिश कम होने के कारण पूरी तरह से वातावरण सूखा होने के कारण एकाएक 12.01 से 2.03 पर आ गया है।

# असमंजस पर भारी सियासत

## पंचायत चुनाव में राजनीतिक दल खोज रहे मुद्दा

**कटनी।** पंचायत चुनाव भले ही रोज नए झमेले में फंसते या निकलते नजर आ रहे हों लेकिन पर इसमें राजनीतिक दल मुद्दा ढूंढ रहे हैं। फिलहाल पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर मसला राजनीतिक मुद्दा बन गया है। सत्तधारी दल भाजपा इसे लेकर कांग्रेस पर आरोप लगा रही है तो कांग्रेस इसे लेकर भाजपा पर हमलावर हैं। मामला क्या है जनता की समझ से परे है लेकिन जनता को समझाने की कवायद यह दोनो ही प्रमुख दल खूब कर रहे हैं। कटनी में बीते दो दिनों में पहले कांग्रेस ने इसे लेकर प्रेस कांफ्रेंस कर अपना पक्ष रखा पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण पर हाईकोर्ट के बाद चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के लिए भाजपा का जिम्मेदार ठहराया तो ठीक दूसरे दिन इसे लेकर भाजपा ने भी प्रेस कांफ्रेंस के साथ कांग्रेस नेताओं का पुतला तक फूंक डाला। दोनो ही राजीतिक दल पिछड़ा वर्ग को अपने अपने पाले में लाने के लिए बेचैन दिख रहे हैं। बात देश प्रदेश की हो या फिर कटनी की पिछड़ा वर्ग किसी भी चुनाव में सबसे अहम भूमिका निभाता है। भाजपा और कांग्रेस इसे लेकर बीते कुछ दिनों से काफी गंभीर हो गई है। दोनों दलों को मालुम है कि बिना पिछड़ा वर्ग के परिणामों को अपने पाले में लाया नहीं जा सकता भाजपा इस लिए खुश है कि उसके पास प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पिछड़ा वर्ग से आते हैं। साफ है चुनाव चाहे पंचायत के हो या फिर संसद के इसका फायदा पार्टी को जरूर मिल रहा है। बहरहाल बीते दो तीन दिनों से कटनी में जहां मौसम का पारा निरंतर नीचे जा रहा है तो वहीं राजनीति का पारा उपर चढ़ रहा है। प्रमुख राजनीतिक दलों के समर्थित प्रत्याशियों ने अब चुनाव में जी जान से जुटने का मन बना लिया है। चुनाव में हाथ आजमाने वाले नेताओं के लिए कल चुनाव आयोग के आदेश के बाद स्थिति काफी हद तक साफ हो गई जिसमें कहा गया है कि चुनाव होंगे लेकिन मतगणना जैसी किसी भी प्रक्रिया तब तक नहीं होगी जब तक कोर्ट के आदेश नहीं आ जाते अब साफ कि कि अगर चुनाव होंगे तो परिणाम तो आयेंगे ही। अभी न सही बाद में ही सही। यही नहीं परिणाम के बारे में अघोषित तौर पर पता तो लग जाएगा ।




### आंदोलन में कांग्रेस, होमवर्क में भाजपा

पंचायत चुनाव के पशोपेस के बीच राजनीतिक दलों की सक्रियता तीन दिनों में काफी बढ़ गई है। कांग्रेस ने अपनी सक्रियता ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहर में आंदोलनों के जरिए दिखानी शुरू कर दी है। दरअसल कांग्रेस को लग रहा है कि पंचायत चुनाव के तुरंत बाद नगर निकाय चुनावों को बिगुल बज सकता है ऐसे में तैयारी पूरी रखी जाए। इसके लिए कांग्रेस ने अपनी यूथ विंग और छात्र संघ एनएसयूआई को भी काम में लगा दिया है। इसी तरह भाजपा ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग के साथ धोखे का आरोप लगाते अपनी सक्रियता तेज कर दी है। संगठनात्मक ढांचे में भी भाजपा की तैयारी को देखकर कांग्रेस अपना घर भी मजबूत कर रही है। दोनों दल बूथ स्तर पर मजबूती के लिए लगातार सक्रिय है। प्रदेश हाईकमान से निरंतर इसके निर्देश प्राप्त हो रहे हैं।

# बाल्टी ले जाकर कांग्रेस ने मांगा पानी

## रोज दोनों टाइम जल सप्लाई किए जाने की मांग के साथ नगर निगम में प्रदर्शन



**कटनी।** कांग्रेस पार्षद दल ने प्रतिदिन दोनों टाइम पानी दिए जाने की मांग को लेकर बाल्टी ले जाकर नगर निगम का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया। कांग्रेस जनों ने नगर निगम गेट पर नारेबाजी करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार व निगम प्रशासन को जमकर कोसा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने कहा कि कटनी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि कटनी की जनता से जलकर का दोगुना पैसा टैक्स के रूप में वसूला जा रहा है लेकिन हफ्ते में सिर्फ 5 दिन पानी दिए जाने का आदेश निकाल दिया गया है, कटनी की जनता क्या 2 दिन पानी के बिना रह सकती है। पानी जनता की मूलभूत सुविधाओं में से है और उसे पूरा करने में भी भजपा की आकार अक्षम है। भारतीय जनता पार्टी की नगर सरकार का नकारापन यह है कि इतने सालों में पानी की समस्या दूर नहीं हो सकी है। प्रदर्शन में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में जनता के कोई भी काम नहीं हो रहे हैं। जनता बिना पानी के कैसे रह सकती है। नेता प्रतिपक्ष मौसूफ़ अहमद बिट्टू एडवोकेट ने कहा कि जब से नगर परिषद का कार्यकाल खत्म हुआ है अधिकारी मनमानी पर उतर आए हैं और जनहित के विपरीत निर्णय ले रहे हैं। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष व पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में जनता को ऐसे दिन भी देखने पड़ रहे हैं कि उन्हें दो दिन बिना पानी के रहना पड़ेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सोनी, इश्तियाक अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता झम्मटमल ठारवानी, गिरधारी लाल स्वर्णकार, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, महिला कांग्रेस ग्रामीण की जिला अध्यक्ष माया चौधरी, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव हेमलता शर्मा, महिला कांग्रेस की कार्यवाहक जिला अध्यक्ष निशा मिश्रा, पार्षद राज किशोर यादव, संदीप यादव आफ्ताब अहमद चोखे भाई जान, राजकुमार विश्वकर्मा, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अंकित चतुर्वेदी, मीनाक्षी बलबी, पूर्व पार्षद श्याम पाहुजा, अजय जैसवानी, रौनक खंडेलवाल रुकमणी पांडे, रजनी वर्मा, रवि जायसवाल, विजय चांदवानी, सुरेश लालवाणी, सुनील सेन, सुमन रजक, सुशील साहू, अमित गर्ग, सुनील सेन, अहमद कुरेशी, कमलेश जैन, विनोद डेन्गरे, गगन तिवारी, प्रेमलाल रजक, जितेंद्र गुप्ता, दीपक केसरवानी, नारायण निषाद, हरनाम सुंदरानी, नीरज रोहरा, रजत यादव, अभिषेक वर्मन, उमेश सोनकर, जगदीश निषाद, मनोज बाँझल सहित भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण मानव को समृद्ध व सशक्त बनाता



**कटनी।** प्रशिक्षण मानव को समृद्ध तथा सशक्त बनाता है। यह आज की बात नही वरन पूर्व काल से चल आ रहा है। श्रीमद्भागवत कथा में राजा प्रशिक्षित की प्रसिद्ध कथा हमे जीवन मे कई प्रेरणा देती है। उक्त कथन गोपालनगर में आयोजित सत्यभागवत कथा के दूसरे दिन के अवसर पर कथा वाचक महाराज अनमोल मणि जी ने कहा। दूसरे दिन में ही नगरवासियों की गरिमामय उपस्थिति थी इस अवसर पर कहा कि राजा प्रशिक्षित की जीवन से हमें बहुत सारी प्रेरणा मिलती है जिससे कि जीवन मे कदम कदम पर हमे सिख तो मिलती ही है साथ मे हम जीवन के समस्याओं के हल भी मिल जाता है। श्रीमद्भागवत कथा यदि हम कथा के रूप में सुने तो केवल कथा के रूप में ही रह जाता है। इसलिए इन कथाओं से हमे सिख लेना चाहिए। मनमोहक भजन से भी भक्तिमय वातावरण बना रहा जिसमे श्रोतागण भी खूब आनंद विभोर होते रहे। ब्रह्मकुमारीज गोपालनगर की संचालिका भगवती बहनजी ने कहा आध्यत्मिक अर्थ भी इसके बहुत अच्छे होते है ज्ञान में तो शक्ति होती ही है भक्ति में वह शक्ति होती है जिससे कि जीवन जीने में आनंद आने लगता है। श्रीमद्भागवत कथा भगवान के महावाक्य है जिसमे मनुष्य को अपना लक्ष्य मिल जाता है। आगे उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत के तीसरे दिन ध्रुव और अजामिल की कथा से जीवन के भावों को समझेंगे। सभी को सपरिवार आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अंत मे आरती करके सभी को प्रसाद वितरण भी किया गया।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाजसेवियों का सम्मान



**कटनी।** होप ग्रुप का छठवां स्थापना दिवस एवं स मान समारोह श्याम कुंज, भौमिया प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका रखने वाले लोगों का सानिध्य प्राप्त हुआ एवं उनके द्वारा समाजसेवा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट जज रवि नायक एवं मंच पर आनंदम के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित शुक्ला, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, जयपुर की समाज सेवीका श्रीमति सोनू शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी, बाल मुकुंद मिश्रा की उपस्थिति रही। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नि:स्वार्थ सेवाएं दे रहे सतीश सोनी, विवेक तिवारी, रौनक खण्डेलवाल, अखिलेश पुरवार, प्रमिला जायसवाल, सावित्री तिवारी, अंकिता तिवारी, अर्चना पांडे, डॉ पांडे, रमाकांत दीक्षित, मनीषा कांबले, रोशनी शर्मा, संजय चतुर्वेदी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने के पीछे होप टीम का विशेष आभार रहा, जिसमे राम, नीतेश, श्री निस्ठा, निशा, साकेत, राजेश, आकाश, अभिषेक, मोंटू, रवि, दीपाली, पीहू, पंकज, अभिलाष, विनम्रता का सहयोग रहा।




कन्या महाविधालय राष्ट्रीय सेवा योजना कटनी इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

## वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है

**विजयराघवगढ़।** शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवको द्वारा महाविद्यालय से 2-3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत झिरिया के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रन और वोट रैली निकाली गई। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना हैं, दो गज दूरी, मतदान है जरूरी, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। मत देना अपना अधिकार बदले में न लेना कोई उपहारए निर्भय होकर मतदान करेंगे। देश का हम स मान करेंगे। वोट हमारा है, अनमोल कभी न लेंगे, इसका मोल आदि बुलंद नारो से रासेयो स्वयंसेवको द्वारा रैली संचलन पथ के आस पास के स्थल को गुंजायमान कर दिया गया।

नीरज सिनेप्लेक्स में




अंतिम 6 दिन

रोजाना 3 शो ता. 17 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से

PUSHPA

(हिन्दी में)

कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।




## दृष्टिबाधित बच्चों को दिए डीजे प्लेयर उपकरण, खिले मासूमों के चेहरे

**कटनी।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत जिला शिक्षा केंद्र कटनी के सहयोग से साइटसेवर्स संस्था भोपाल द्वारा जिले के 10 पूर्ण दृष्टिबाधित बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए दो दिवसीय डेजी प्लेयर का प्रशिक्षण एवं डेजी प्लेयर उपकरण का वितरण विगत 21 दिसंबर को सक्षम छात्रावास तिलक कॉलेज के पीछे, प्रेम नगर में किया गया। उक्त प्रशिक्षण डेजी फोरम ऑफ इंडिया भोपाल से आये हुये संतोष खरे द्वारा दिया गया, जिसमें बच्चों को डीजे प्लेयर के माध्यम से ऑडियो फॉर्मेट में पुस्तकों को पढ़ना सिखाया गया। कक्षा में शिक्षक द्वारा पढ़ाई गई शिक्षण सामग्री को रिकॉर्ड कर घर में सुनकर पुनरावलोकन करना सिखाया गया। सुगम लाइब्रेरी से पुस्तकों को ऑडियो फॉर्मेट में डाउनलोड करना सिखाया। यह प्रशिक्षण डीपीसी के के डहेरिया, एपीसी आई ई डी अनिल त्रिपाठी, एपीसी मोबिलाइजेशन श्रीमती संध्या तिवारी, छात्रावास वार्डन अजय मिश्रा, साइटसेवर्स से जिला परियोजना समन्वयक भरत पटेल, फैसिलिटेटर शिव शंकर कुमार के सानिध्य में संपन्न हुआ।

सिटी मॉल बरही रोड में

अंतिम 6 दिन




रोजाना 2 शो ता. 24 से 1 एवं सायं 4 बजे से (हिन्दी में)

SPIDERMAN


(NO WAY HOME )

कलाकार

टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में

साइंस फिक्शन फिल्म




रोजाना 2 शो ता. 24 से सायं 7 एवं रात्रि 10 बजे से (हिन्दी में)

MATRIX Resurrections

कलाकार- कीनू रीव्स, लॉरेंस फिशबर्न, यूगो वीविंग आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

## एकल गायन में स्वाति व स्पॉट पेंटिंग में साजन प्रथम

### विजयराघवगढ़ कॉलेज में युवा उत्सव पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**विजयराघवगढ़।** शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत अंतर कक्षा महाविद्यालय स्तर पर साहित्यिक, सांस्कृतिक, रूपांकन आदि विविध पक्षों से प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंतर महाविद्यालय जिला स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित किया। जिसमें एकल गायन सुगम में स्वाति प्यासी एवं समूह गायन भारत में स्वाति प्यासी एवं साथी 6, एकल वादन में मीना रजक, वाद विवाद में अंकित रैदास और महिमा पांडेय, प्रश्न मंच में शिवानी बागरी, कंचन यादव, अंकित रैदास, स्पॉट पेंटिंग में साजन कोरी, कोलॉज में सरस्वती गुप्ता, व्यंग्य चित्र में सोमचंद्र लोधी, पोस्टर निर्माण एवं रांगोली प्रतियोगिता में प्रिया चक्रवर्ती ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इसी कड़ी में साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे प्रश्न मंच, वाद विवाद, वक्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ सुमन पुरवार, धीरज डिकोनिया, श्रीमती ज्योति ताम्रकार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ अरुण कुमार, डॉ सरिता विश्वकर्मा, सुश्री ज्योति सोनी ने अहम भूमिका निभाई। वाद विवाद प्रतियोगिता में अंकित रैदास प्रथम, महिमा पांडे द्वितीय, स्वाति पयासी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शिवानी बागरी ने प्रथम स्थान, अंकित रैदास द्वितीय स्थान, कंचन यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। वक्ता में अंकित रैदास प्रथम, कशिश बर्मन द्वितीय, महिमा पांडे तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र छात्राएं जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# मतदान होगा, अधिकृत परिणामों की घोषणा नहीं




## आयोग का नया आदेश, मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणामों की घोषणा पर रोक

**उलझते जा रहे पंचायत चुनाव**

कटनी। ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद प्रदेश में पंचायत चुनाव बुरी तरह उलझकर रह गए हैं। राज्य सरकार द्वारा ओबीसी सीटों पर चुनाव कराए बिना पंचायत चुनाव नहीं कराने के फैसले के बाद कल राज्य निर्वाचन आयोग ने भी नए निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित नहीं होंगे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में सभी पदों के लिये मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा संबंधी कार्यवाही स्थगित रहेगी। इस संबंध में आयोग द्वारा अलग से निर्देश दिये जायेंगे। आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पंच और सरपंच के लिये मतदान केन्द्र और विकासखंड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना तथा जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए विकासखंड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतगणना की जाएगी। मतगणना से संबंधित समस्त अभिलेख उपस्थित अभ्यर्थियों, अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सील बंद कर सुरक्षित अभिरक्षा में रखे जायेंगे। किसी भी पद पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति निर्मित होने पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अभ्यर्थी को न ही निर्वाचित घोषित किया जाएगा और न ही निर्वाचन का प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।इस आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये गये हैं।उल्लेखनीय है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित पंच, सरपंच, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सदस्य के पदों की निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित की गई है।

### निर्विरोध चुने जाने पर भी नहीं मिलेगा प्रमाण पत्र

पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के बीच राज्य निर्वाचन आयोग का आदेश समझ से परे हैं, हालांकि कहा जा रहा है कि यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में दिया गया है। इससे पहले आयोग अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिए आरक्षित पदों की चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा चुका है। अब कहा गया है कि पंचायत चुनाव की प्रक्रिया चलती रहेगी लेकिन निर्विरोध चुने जाने के बाद भी न तो प्रमाण पत्र मिलेगा और न ही विजेता की घोषणा की जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि ओबीसी आरक्षण के मामले में दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ओबीसी के लिए रिजर्व सीट को सामान्य घोषित किया जाए। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि पंचायत चुनाव के परिणाम एक साथ घोषित किए जाएं। कई पंचायतों में निर्विरोध चुनाव होने लगे थे। यही नहीं, पंच-सरपंच भी चुने जाने लगे चूंकि कोर्ट का आदेश है कि सभी परिणाम एक साथ घोषित किए जाएं, इसलिए आयोग को इस तरह का आदेश निकालने की जरूरत पड़ी। इस आदेश के तहत किसी भी पद पर निर्विरोध चुने जाने पर रिटर्निंग ऑफिसर अभ्यर्थी को न ही निर्वाचित घोषित करेगा और न ही निर्वाचन का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

### पहले चरण के लिए 6 जनवरी को होगा मतदान

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पंचायत के पहले चरण के लिए मतदान 6 जनवरी और दूसरे चरण के लिए 28 जनवरी को मतदान होगा। मतगणना भी तय तारीख को होगी लेकिन परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति में भी निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन की न तो घोषणा की जाएगी और न ही प्रमाण पत्र दिया जाएगा। आयोग ने कहा है कि पंचायत के सभी के लिए मतगणना का सारणीकरण टेब्युलेशन और निर्वाचन परिणाम की घोषणा से जुड़ी कार्यवाही स्थगित रहेगी। इस संबंध में आयोग अलग से निर्देश जारी करेगा।


# आज नाम वापसी के बाद साफ होगी चुनाव की तस्वीर

### 41 उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र जांच में निरस्त

**पंचायत चुनाव : पहले और दूसरे चरण के लिए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा**

कटनी। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 के अंतर्गत 13 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2021 तक जिला पचांयत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के लिये अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन प्राप्त करने की प्रक्रिया संपादित की गई है। जिसके बाद प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर स्तर पर निर्धारित निर्वाचन क्षेत्रों के लिये की गई। जिला पंचायत सदस्य के लिये 38 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। वहीं जनपद पंचायत सदस्य के लिये कुल 260 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में 1 नाम निर्देशन पत्र निरस्त किया गया है। सरपंच पद के लिये कुल प्राप्त 1110 नाम निर्देशन पत्रों में 1101 पात्र पाये गये। वहीं 9 नाम निर्देशन पत्र निरस्त किये गये। पंच पदों के लिये कुल प्राप्त 2463 नाम निर्देशन में 2432 नाम निर्देशन पत्र पात्र पाये गये। वहीं 31 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों को निरस्त किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान जिला पंचायत सदस्य पद के लिये कुल प्राप्त 38 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई है। इनमें कोई भी नाम निर्देशन पत्र निरस्त नहीं किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत सदस्य के लिये कटनी जनपद पंचायत क्षेत्र से कुल 54 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुये। जिसमें संवीक्षा के बाद एक नाम निर्देशन पत्र निरस्त किया गया है। वहीं रीठी जनप पंचायत अंतर्गत 54, बहोरीबंद विकासखण्ड अंतर्गत 82 और बड़वारा विकासखण्ड अंतर्गत 70 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा के पश्चात इनमें से एक भी नाम निर्देशन पत्र निरस्त नहीं किया गया है। सरपंच पदों के लिये कटनी जनपद पंचायत अंतर्गत 232 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में सभी पात्र पाये गये। वहीं रीठी जनपद पंचायत अंतर्गत प्राप्त 259 नाम निर्देशन पत्रों में 1 को निरस्त किया गया है। बहोरीबंद विकासखण्ड अंतर्गत प्राप्त 332 नाम निर्देशन पत्रों में 325 नाम निर्देशन पत्र स्वीकृत कर 7 को निरस्त किया गया है। बड़वारा जनपद पंचायत अंतर्गत प्राप्त कुल 287 नाम निर्देशन पत्रों में से एक नाम निर्देशन पत्र निरस्त किया गया है। पंच पदों के लिये जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत 708 में से 4 नाम निर्देशन पत्र निरस्त किये गये हैं। वहीं बहोरीबंद जनपद पंचायत क्षेत्र में प्राप्त 836 नाम निर्देशन पत्रों में से 12 और बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र में कुल 919 प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों में से 15 को निरस्त कर शेष नाम निर्देशन पत्र स्वीकृत किये गये हैं।

# ड्रोन कैमरे से हो रही रेल ट्रैक की निगरानी



**रेल दुर्घटनाओं को रोकने में मिलेगी मदद**

कटनी। रेलवे द्वारा अब ड्रोन कैमरे से ट्रैक की निगरानी रखी जा रही है। इस अनूठे प्रयोग से रेल दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी। आसमान में करीब 1300 फुट ऊपर से ड्रोन कैमरा चार किलोमीटर के दायरे की तस्वीर ले सकता है। इससे रेलवे को काऊी मदद मिल रही है। पश्चिम मध्य रेलवे निरतंर उच्च स्तरीय नई तकनीक को अपनाने में हमेशा अग्रणी रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल अपनी कार्यकुशलता में वृद्धि करते हुए सुविधाओं में उत्तरोत्तर विस्तार कर रहा है, चाहे वो रेल संचालन या अधोसंरचना के कार्य की प्रगति हो। पमरे द्वारा अपनी कार्य की शैली को बारीकी से नजर रखने के लिए तीनों मंडलों में विशेषकर ब्रिजों एवं ट्रैक के निरीक्षण हेतु ड्रोन कैमरे का उपयोग किया जा रहा है। पमरे के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रेलवे ब्रिजों और ट्रैक पर ड्रोन कैमरे की मदद से बारीकी से नजर रखी जा रही है। इस ड्रोन कैमरे से तीनों मण्डलों में आने वाले छोटे-बड़े सभी रेलवे ब्रिजों की देखरेख, नई रेल लाइन, दूसरी/तीसरी रेल लाइन के काम की तस्वीरों से कार्य की प्रगति इंजीनियर द्वारा नजर रखी जा रही है। सही मायने में इसकी उपयोगिता कोविड-19 के दौरान बहुत मददगार साबित हुई है, इसके साथ ही रेल दुर्घटनाओं के दौरान वहां की भौगोलिक परिस्थितियों की सही जानकारी का पता लगाया जा सकता है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा ड्रोन कैमरे का उपयोग वर्ष 2017 से किया जा रहा है। इस समय ड्रोन कैमरे से 400-500 फीट ऊंचाई से दो किलोमीटर के दायरे की तस्वीर लेता था। बैटरी से चलित यह ड्रोन कैमरा 20 से 25 मिनट की समयावधि तक उड़ सकता है। अब इस ड्रोन को अपग्रेड किया गया है। यह 1300 से अधिक फीट की ऊंचाई और चार किमी दायरे की तस्वीर ले सकता है। अपडेट ड्रोन कैमरा अब करीब 30 से 40 मिनट तक उड़ सकता है।

# नई शिक्षा नीति से छात्र असमंजस में






### एनएसयूआई ने शुरू किया शिक्षा बचाओ देश बचाओ अभियान, तिलक कॉलेज में चला हस्ताक्षर अभियान

कटनी। एनएसयूआई द्वारा देश व्यापी चलाई जा रही मुहिम शिक्षा बचाओ देश बचाओ के तहत एनएसयूआई कटनी द्वारा शासकीय तिलक कालेज कटनी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें सेंकड़ों की संख्या में छात्रों ने हस्ताक्षर कर भाजपा सरकार की नई शिक्षा नीति, बढ़ती बेरोजगारी, विभिन्न भर्तियों में घोटाले, छात्रवृत्ति में कटौती के खिलाफ मुहिम को बुलंद किया। जानकारी देते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने बताया की देश भर के छात्र वर्तमान भाजपा सरकार की शिक्षा नीति से नाखुश हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है। नयी शिक्षा नीति ने छात्रों को असमंजस में डाल दिया है। एनएसयूआई पूरे देशभर में छात्रों की लड़ाई लड़ेगी एवं छात्र हित में नयी शिक्षा नीति में सुधार की मांग करेगी। हस्ताक्षर अभियान में मुख्य रूप से मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष शुभम मिश्रा, कालेज उपाध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी, सौरभ दुबे, शशांक कछवाहा, आदित्य ठाकुर, आशीष पाली, अभय तिवारी, सौरभ दुबे, अभय यादव, अभय शुक्ला, रागिनि वंशकार, दीपाली ठाकुर, दीक्षा सोनी सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआइ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कल बैठकों का दिन

### लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड

कटनी। जिलास्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक का आयोजन 24 दिसम्बर को होगा। यह बैठक कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस बैठक में समिति के सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### डिस्ट्रिक्ट लेवल प्रमोशन कमेटी

कटनी। डिस्ट्रिक्ट लेवल प्रमोशन कमेटी की बैठक कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार 24 दिसम्बर को होगी। बैठक का आयोजन अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगा। इस बैठक में समिति सदस्यों तथा विशिष्ट आमंत्रित प्रतिनिधियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### सहायता समिति की बैठक

कटनी। जिलास्तरीय सहायता समिति की बैठक का आयोजन 24 दिसम्बर को सांय 6 बजे से होगा। कलेक्ट्रर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक से उपस्थित रहने के लिये कहा गया है।

# सर्दी का सितम, कब होगी अलाव की व्यवस्था



गर्ग चौराहा : रात 11:30 बजे



घंटाघर : रात 11:35 बजे

## प्रमुख चौराहों में 3-4 डिग्री तापमान के बीच ठिठुरने को मजदूर गरीब

**कटनी। शहर में लगातार जारी सर्दी के कहर के बीच नगर निगम की उदासीनता भी सामने आ रही है। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में अलाव की व्यवस्था किए जाने के दावे फेल होते दिख रहे हैं। रात में जब न्यूनतम तापमान 3 और 4 डिग्री के आसपास रहता है और शहर के चौराहों में किसी तरह अपनी जिन्दगी बसर करने वाले लोग सर्दी में ठिठुरते रहते हैं, तब कहीं भी अलाव नजर नहीं आता।**

ऐसा नहीं है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा अलाव के लिए लकड़ियों का इंतजाम नहीं किया जा रहा है। बकायदा बिल पास हो रहा है और नगर निगम की एक गाड़ी लकड़ियां लेकर शहर में अलाव के निकलती है, लेकिन नगर निगम से निकलते ही गाड़ी कहां चली जाती है, यह किसी को पता नहीं। पूर्व पार्षद पवन यादव ने बताया कि उनके द्वारा नगर निगम कमिश्नर सत्येन्द्र सिंह धाकरे को वाट्सअप नंबर पर शहर के प्रमुख चौराहों की तस्वीर देते हुए बताया गया कि समूचे मध्यप्रदेश के साथ कटनी में भी शीतलहर का प्रकोप जारी है। इतनी कड़ाके की ठंड में शहर में कहीं भी अलाव की व्यवस्था नगर निगम द्वारा नहीं की जा रही है, जिसके कारण गरीब, मजदूर, रिक्शेवाले, ठेले वाले, ऑटो चालक, बेघर लोग इस कड़ाके की ठंड में परेशान हैं। उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों एवं मोहल्लों में अलाव की व्यवस्था करने का आग्रह किया था, इसके बाद भी अब तक अलावा की व्यवस्था नहीं की गई है।



सुभाष चौकः रात 11:40 बजे

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कल द्वारका भवन में कार्यक्रम

कटनी। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन कटनी के सहयोग से द्वारका भवन जनपद पंचायत कटनी में कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी कटनी ने विभिन्न विभागों तथा अन्य संबंधित संस्थानों से इस कार्यक्रम के दौरान स्टॉल लगाकार प्रचार-प्रसार करने तथा सामग्री सहित उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरुकता के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

## कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति की बैठक कल

कटनी। कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति की बैठक गुरुवार 24 दिसम्बर को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन अपरान्ह 3.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगा।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना,
एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं
(एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

प्रॉपर्टी डीलर
कटनी शहर में प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने, किराये पर लेने-देने हर तरह के प्लाट, मकान एवं कृषि भूमि उपलब्ध है।
संपर्क- राजेश भाषाणी
मो. 9300056824

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गणेश गुप्ता पिता बालकदास गुप्ता शिवाजी नगर गली नंबर 16 कटनी को सूचना मिली है कि उनके पुत्र अमन गुप्ता पिता गणेश गुप्ता द्वारा मेरे पक्षकार के नाम से लोगों से रूपयों का लेनेदेन एवं चल-अचल संपत्ति के संबंध में लिखित/मौखिक अनुबंध-पत्र किया जा रहा है। अतः सूचित किया जा रहा है कि अब मेरे पक्षकार के नाम से उनके पुत्र द्वारा नगद लेन-देन या चल-अचल संपत्ति के संबंध में कोई भी अनुबंध-पत्र लिखित/मौखिक किया जाता है तो वह शून्य समझा जावेगा। उसकी संपूर्ण जवाबदारी आप अनुबंधकर्ता/नगद लेन-देनकर्ता की होगी। मेरे पक्षकार का पुत्र उनसे अलग रहता है और उससे अब मेरे पक्षकार का कोई संबंध/मतलब नहीं है। यह सूचना मेरे पक्षकार के द्वारा स्वस्थ चित्त अवस्था में रहते हुए बिना किसी भय, दबाव अथवा लालच के अपने अधिवक्ता के माध्यम से वकालतनामा हस्ताक्षरित कर उनके पुत्र के विरुद्ध प्रकाशित कराई जा रही है, ताकि मेरे पक्षकार के परिचित/अपरिचित सूचित हो सकें।

कटनी/दिनांक 23/12/2021

भवदीय
नितिन विश्वकर्मा (एडव्हाकेट) मो.नं. (09302496343)
संदीप गुप्ता (एडव्हाकेट) मो.नं. (918770167076)
जिला एवं सत्र न्यायालय, झिंझरी, कटनी (मप्र)

### कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र0/6974/ज.प्र.वि./2021-22

कटनी, दिनांक 22/12/2021

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म0प्र0शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती हैं। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस मे नगरपालिक निगम, कटनी में अथवा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | अमानत राशि (राशि रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपये में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 350/150 mm dia Gravel Packed नलकूप खनन कार्य मात्रा – 50 नग | 49.28 | 36960 | 5000 | 180 दिवस |
| 2 | शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 400/200 mm dia Gravel Packed नलकूप खनन कार्य मात्रा – 20 नग | 27.96 | 20970 | 5000 | 90 दिवस |
| 3 | शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 150 mm dia Ordinary नलकूप खनन कार्य मात्रा – 25 नग | 13.88 | 10410 | 2000 | 90 दिवस |
| 4 | शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 200 mm dia Ordinary नलकूप खनन कार्य मात्रा – 05 नग | 3.80 | 3800 | 2000 | 60 दिवस |

निविदा का शेड्यूड निम्नानुसार है :–
(1) निविदा प्रपत्र कय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 23/12/2021 को ~~सायंकाल 5:30~~ प्रातः 10:30 बजे से।
(2) निविदा प्रपत्र कय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07/01/2022 को सायंकाल 5:30 तक।
(3) बिड खोलने की तिथि 10/01/2022 को दोपहर 1:00 बजे से।
(4) निविदा के सभी संशोधन सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नहीं।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते-आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
डॉ. हितेश लोकवानी
एम.बी.बी.एस., एम.डी. , डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)
।। उपलब्ध उपचार ।।
कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना
हर माह के चौथे शनिवार को प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।
नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

# सायना ने साल 2021 को खेल सप्ताह के साथ किया विदा

**शीतकालीन अवकाश के पहले आयोजित हुआ खेल महोत्सव, तीन दिवसीय खेल श्रृंखला का हुआ समापन**





**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी में कोरोना महामारी से त्रस्त वर्ष 2021 को खेल महोत्सव आयोजित कर विदा किया गया। इस कड़ी में शीतकालीन अवकाश से पहले कार्यक्रम के प्रथम दिवस सायना के क्रीड़ा विभागाध्यक्ष दीपक बलयानी ने करतल ध्वनि के साथ सभी का स्वागत किया।

इस अवसर प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, समन्वयक डॉ. लोकेश दुबे व शिक्षक अभिनव खरे सहित अन्य जन उपस्थित थे। इस दिन छात्राओं के दो दलों ने खो-खो में कौशल दिखाया जिसमें साक्षी अग्निहोत्री, तनु कुमारी, सांभवी सिंह और आस्था अवस्थी ने अपने प्रदर्शन से प्रशंसा पाई। छात्रों के दो दलों ने फुटबॉल में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। जिसमें लक्ष्य देव सिंह और अजय पाण्डे के कौशल ने बाजी पलट दी।

छात्रों के दूसरे समूह ने क्रिकेट का शानदार खेल खेला जिसमें मैनऑफ द मैच सुबोध कुमार को घोषित किया गया। वहीं शौर्य उपाध्याय व क्षितिज सिंह भी मैदान में चमकते नजर आए। कबड्डी में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वाहवाही बटोरी। जिसमें अंशिका सिंह बघेल, साक्षी अग्निहोत्री, आर्ची ताम्रकार और अंबिका उपाध्याय ने अपने जौहर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन दिवस पर बॉलीबाल मैच एवं बॉस्केबाल मैच में आस्था अवस्थी, मिहिका अवल, यजश सिंह, मानव शर्मा और दुष्यंत सिंह के जोशपूर्ण खेल ने खूब तालियाँ बटोरी।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस महोत्सव में कक्षा छठवीं से नवमीं तक के छात्रों ने जिस प्रकार पूर्ण मनोयोग के साथ सहभागिता की है और पूरी गर्मजोशी से हर कार्य को पूर्ण किया है वह प्रशंसनीय हैं। सायना का क्रीड़ा विभाग समय-समय पर बच्चों की प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहा हैए वह निश्चित रूप से साधुवाद का पात्र है। खेल बच्चों में अनुशासन लाता है साथ ही शरीर को स्वस्थ रखता है इसलिए सभी बच्चों को खेल खेलने ही चाहिए।

बच्चों को आगामी खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए श्रीमती पिंकी बलयानी ने प्रतिभागियों को बधाई दी। क्रीड़ा विभागाध्यक्ष दीपक बलयानी ने कहा कि इस वर्ष का प्रारंभ कोरोना के कारण अपनों से विछोह व मानसिक संताप लेकर आया था। लेकिन हम सब ने दृढ़ इच्छाशक्ति से उसे हराया और आगें बढ़े। इसलिए सायना ने इस वर्ष को खेल महोत्सव का आयोजन कर विदा करते हुए प्रार्थना की है कि आगामी वर्ष सुख व शांति लेकर आएगा। आभार प्रदर्शन सायना के क्रिकेट प्रशिक्षक निखिल मेहता ने किया। अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## सांता बनकर उपहार बांटे बच्चों ने

**सायना किड्स में क्रिसमस का आगाज**

**कटनी।** सायना किड्स स्कूल कटनी में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ. भारती शर्मा ने बच्चों व शिक्षकों के साथ केक काट किया। शिक्षकों द्वारा बच्चों को क्रिसमस का महत्व बताया गया। किड्स स्कूल के हैडबाय और हैडगर्ल ने शिक्षकों व बच्चों के साथ क्रिसमस ट्री सजाकर गीत गाए। कुछ बच्चे सांता बनकर उपहार बांटते हुए प्रसन्नता से उछलकूद व डांस करते रहे। इस अवसर पर डॉ श्रीमती शर्मा ने सभी बच्चों को उपहार दिया और केक खिलाया।धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बच्चों में संस्कार डालने के लिए उन्हें बजरंग नगर ले जाकर जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र व खिलौने वितरित किए। सभी बच्चे साउल्लास घरों को वापस गए। सायना की चेयरपर्सन डॉ निधि पाठक, सायना एज्युकेशन सोसायटी की सचिव श्रीमती निर्मला सत्येन्द्र पाठक पूर्व महापौर, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने सभी को नववर्ष एवं क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।



## प्रथम चरण के निर्वाचन के लिए रेंडमाइजेशन का कार्य

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 में प्रथम चरण में जिले की जनपद पंचायत बहोरीबंद व रीठी में निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाना है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बहोरीबंद व रीठी जनपद के लिए रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन का कार्य पूर्ण हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बहोरीबंद और रीठी जनपद क्षेत्र के निर्धारित मतदान केन्द्रों में सीयू व बीयू बाक्स नंबर रेंडमाइजेशन के माध्यम से तय किए गए। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन का कार्य पूर्ण कराया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रेंडमाइजेशन के आधार पर दोनों ही जनपद क्षेत्रों में तय बाक्स भेजने की कार्रवाई पुलिस सुरक्षा के बीच पूरी कराई जाएगी।

## फाईलेरिया दिवस पर 6 से 13 जनवरी तक होगा गतिविधियों का आयोजन

**कटनी।** फाईलेरिया (हाथीपांव) रोग से बचाव के लिये जिले में राष्ट्रीय फाईलेरिया दिवस एमडीएम 06 जनवरी से 13 जनवरी 2022 तक आयोजित किया जायेगा। फाईलेरिया उन्नमूलन के लिये जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनजागरुकता का कार्य किया जायेगा। इस अवधि में जिले में दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी पात्र व्यक्तियों को फाईलेरिया रोधी दवा डीईसी एवं एल्वेन्डाजोल की 1 खुराक का सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर कराया जायेगा। इस कार्य के लिये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में परस्पर संबंधित विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों की एक जिलास्तरीय समिति की गठन किया गया है। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, प्राचार्य साईनाथ कॉलेज कटनी, आदिम जाति कल्याण व शिक्षा विभाग, वन विभाग तथा जनसम्पर्क विभाग को शामिल किया गया है।



## कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में आए 19 आवेदन

**कटनी।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के अंतर्गत कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने जनसुनवाई में आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 19 आवेदकों ने आवेदन दिए। जिसमें सुनवाई करते हुए डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवेदनों में कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान एसडीएम कार्यालय कटनी, आरटीआई कलेक्ट्रेट शाखा, जनपद पंचायत कटनी, तहसीलदार कटनी ग्रामीण व तहसीलदार बड़वारा कार्यालय के 1-1, नगर निगम के 3, पुलिस अधीक्षक कार्यालय का एक, महिला एवं बाल विकास विभाग के दो, वन विभाग से संबंधित 3 और विद्युत विभाग से संबंधित 5 आवेदन आए। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागों के जिलाधिकारी मौजूद थे।

# प्रदेशमंत्री की हत्या के विरोध में भाजपा ने केरल के मुख्यमंत्री का जलाया पुतला

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने केरल में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के विरोध में केरल के मुख्यमंत्री विजयन का पुतला जलाया। थाना तिराहे में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के द्वारा केरल के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि केरल में वामपंथी सरकार और उसका सहयोग करती कांग्रेस जानबूझकर भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है। पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी ने कहा कि केरल में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री रंजीत श्रीनिवासन की सरेआम हत्या कर दी गई लेकिन अब तक कोई हत्यारा गिरफ्तार तक नहीं हुआ। यह शर्म की बात है भाजपा इस अन्याय को सहन नहीं करेगी इसके विरोध में निरंतर आंदोलन करेगी। पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि वामपंथी केरल की सरकार जानबूझकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है। ताकि कार्यकर्ताओं में भय व्याप्त हो लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है। वामपंथी सरकार को कांग्रेस समर्थन कर रही है इससे साफ है कि कांग्रेस कभी भी पिछड़ों का साथ नहीं दे सकती। उसने पिछड़ा वर्ग को वोट बैंक समझा केरल में इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जोरदार नारेबाजी के बीच कोतवाली थाना तिराहे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केरल के मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी, मृदुल द्विवेदी, दीपक टंडन सोनी, भावना सिंह, गीता गुप्ता, सीमा जैन, रुक्मणि बर्मन, सुभद्रा सोनी, अर्चना सोनी, कैलाश जैन, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, अभिषेक ताम्रकार, नितिन पांडेय, मृदुल मिश्रा, पप्पा मिश्रा, देवेंद्र सोनी, रमेश सोनी, सोनू बहरे, बल्ली सोनी, अवकाश जायसवाल, मंटू गुप्ता, अवधेश यादव, विमल साहू, विष्णु शंकर मिश्रा, अजय माली, सुनील विश्वकर्मा, लक्ष्मी विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।



**वकीलों ने दिया समर्थन**

केरल की घटना को लेकर शहर के अधिवक्ताओं ने भी घटना की भर्त्सना करते हुए केरल सरकार की निंदा की वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वश्री अरुणेंद्र सिंह बघेल, दिनेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, रामवीर सिंह, आलोक तिवारी सहित कई अधिवक्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

## त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में कार्य संपादन के लिये स्थापित किया गया जिलास्तरीय कन्ट्रोल रुम

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 में कार्य संपादन की दृष्टि से जिला कन्ट्रोल रुम स्थापित किया गया है। यह कन्ट्रोल रुम जिला आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक 99 में संचालित होगा, जिसका दूरभाष नंबर 07622-222188 जारी किया गया है। इसके माध्यम से नागरिक त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन से संबंधित शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं। कन्ट्रोल रुम के 24 घंटे और सातों दिन सुचारु रुप से संचालित किये जाने शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है। नियुक्त किये गये लोक सेवक नोडल अधिकारी अजय श्रीवास्तव एवं सहायक नोडल अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा के निर्देशन में कार्य करेंगे। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते द्वारा ड्यूटी आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत तीन पालियों में लोक सेवकों की ड्यूटी इस कन्ट्रोल रुम में लगाई गई है। प्रथम पाली का संचालन प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसी प्रकार दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा तीसरी पाली रात्रि 10 बजे से सुबह 8 बजे तक संचालित होगी। प्रत्येक पाली में कन्ट्रोल रुम के संचालन के लिये 4-4 लोक सेवकों को नियुक्त किया गया है। वहीं रिजपर्व में भी 4 लोक सेवक नियुक्त किये गये हैं।

**कन्ट्रोल रुम के सुचारु संचालन के लिये नियुक्त किये गये लोक सेवक**



## बच्चों ने सीखा खरीददारी का हुनर

**कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में काउंटर एक्टिविटी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवी तक के बच्चों के लिए खिलौने, सब्जियां, फल व कापी किताब की दुकान लगाई गयी तथा बच्चो को नकली रूपए भी दिए गए जिससे वह किसी भी दुकान से मनचाहे सामान का मूल्य जानकार नकली रुपये देकर खरीद सकते थे। शाला की प्राचार्या एवं उपप्राचार्या नें भी बच्चों के साथ इस एक्टिविटी में भाग लिया। स्कूल की शिक्षिकाओं नें दुकानदार की भूमिका निभाते हुए बच्चों को उचित मोलभाव व हिसाब जोड़ना-घटाना सिखाया ध् इस एक्टिविटी में शाला शिक्षिका शालिनी मेनुअल, दीक्षा तिवारी, मनमीत कौर, प्रतीक्षा मिश्र, मेघा घंशानी, कुवरजीत कौर की प्रमुख भूमिका रही। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों ने बाज़ार जाकर खुद सामान क्रय करने का अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन का इस एक्टिविटी को करवाने का उद्देश्य सिर्फ बच्चों खेल-खेल में आत्मनिर्भर बनें। वहीं प्राचार्या एवं उपप्राचार्या की उपस्थिति में बच्चों ने इस गतिविधि का पूर्ण अनुभव प्राप्त किया। छात्रों ने इस गतिविधि में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



**आजादी का अमृत महोत्सव, नदी को जानो स्पर्धा**

# नदियों के संरक्षण एवं सफाई पर जोर







**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव पर ईको क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ. आर. के. गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रदेश की नदियों का उत्सव मनाये जाने के उपलक्ष्य में ईको क्लब प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल की सहायता से नदी को जानों विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ. साधना जैन वरिष्ठ प्राध्यापक ने छात्राओं को नदी के उद्गम, प्रकार, नदियों से प्रदूषण हटाने तथा उनके संरक्षण पर मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा उन्होंने गंगा नदी के महत्व को बताते हुये बताया कि बैक्टीरियोफेज की उपस्थिति के कारण गंगा जल सालों साल स्वच्छ रहता है। ईको क्लब द्वारा छात्राओं से आह्वान किया गया कि वे अपने आस पास की नदियों को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें व अपने आस पास के लोगों को भी नदियों को स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित करें। ईको क्लब प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने भी छात्राओं को नदियों की उपयोगिता और साफ सफाई व संरक्षण के लिये किये जाने वाले प्रयासों के बारे में बताया। इसी कड़ी में छात्राओं द्वारा नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना मिश्रा द्वारा किया गया। श्री रामेश्वर सिंह, श्रीमती श्वेता जायसवाल, श्रीमती स्मृति दहायत, सुश्री स्मृति परौहा, सुश्री सोनिया कश्यप, सुश्री आरती वर्मा एवं श्रीमती हेमलता जी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

# तिलक कॉलेज में बिखरे युवा उत्सव के रंग

**महाविद्यालयीन स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन**



**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में युवा उत्सव कार्यक्रम का महाविद्यालय स्तर पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस. के. खरे की अध्यक्षता में हुआ। मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्जवलन प्रो. एस.बी भारद्वाज एंव डॉ. विनय वाजपेयी जी के द्वारा किया गया। आज साहित्यिक एवं अभिनय प्रतियोगिताओं का आयोजन वाद-संवाद वक्तृता, प्रश्नमंच, अभिनय, स्किट, नाटक एंकाकी, माइम मिमिश किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल के रुप में डॉ. चित्रा प्रभात, श्रीमती लक्ष्मी नायक, डॉ. एम.पी यादव, डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. अनिल तौहेल, श्रीमती उर्मिला दुबे, अजय कुरारिया, पुर्नवसु भटट्ाचार्य, सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. संदीप कपूर एंव डॉ. ज्ञानेन्द्र मोहन श्रीवास्तव की भागीदारी रही। सभी विधाएं डॉ. चित्रा प्रभात डॉ. माधुरी गर्ग एवं श्रीमती उर्मिता दुबे, डॉ. सन्दीप कपूर के द्वारा सम्पन्न करायी गयी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कुमुद श्रीवास्तव के संचालन में सम्पन्न हुआ।

## पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देगी कांग्रेस

**कटनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता विक्रम खम्परिया ने एक बयान में कहा है कि कांग्रेस हमेशा से ही अन्य पिछड़ा वर्ग की हितैषी पार्टी रही है, हमने सदैव ही इस वर्ग के हित व कल्याण के लिये लड़ाई लड़ी है। इस वर्ग के हित में कांग्रेस की सरकारों ने ही कई जनहितैषी निर्णय लिये है।मप्र में कमलनाथ सरकार ने ही 8 मार्च 2019 को नौकरियो में ओबीसी वर्ग के आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। श्री खम्परिया ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण को समाप्त करने का निर्णय लिया थाएतब भी हमने चिंता जताते हुए सरकार से मांग की थी कि सरकार इस निर्णय को लेकर पुनर्विचार याचिका न्यायालय में लगाये, बग़ैर ओबीसी आरक्षण के प्रदेश में पंचायत चुनाव ना होएउस पर सरकार की चुप्पी पर भी हमने सवाल उठाये थे। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भी पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में यह प्रस्ताव पारित किया था। कांग्रेस ने आज सदन में भी अपनी ओर से रखे स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से भी ही यही बात रखी और सरकार से फिर आग्रह किया कि इस निर्णय को लेकर सरकार सुप्रीम कोर्ट जाये। श्री खम्परिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है और बग़ैर ओबीसी आरक्षण के प्रदेश में पंचायत चुनाव ना हो, यह सुनिश्चित किए जाने की मांग रखी आखिरकार सरकार ने हमारी माँग मानी और अब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। हमें पूरी उम्मीद व विश्वास है कि अब प्रदेश में ओबीसी आरक्षण के साथ ही पंचायत चुनाव होंगेएइस वर्ग के साथ न्याय होगा।



# फर्जी दुल्हन बनने वाली युवतियां सतना से गिरफ्तार

## शादी के नाम पर ठगी करने के मामले में कैमोर पुलिस को मिली एक और सफलता



**कटनी।** शादी के नाम पर ठगी करने के मामले में कैमोर पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने फर्जी तथाकथित दुल्हन बनने वाली युवतियों को भी सतना से गिरफ्तार कर लिया है। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि दुल्हनों की फर्जी मां बबीता तिवारी, फर्जी मामा केशव प्रसाद साकेत और दो अन्य दलाल अरुण कुमार तिवारी एवं मनसुख रैकवार पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं तथा कटनी जेल में बंद हैं। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम को जिला सतना मामले में फर्जी दुल्हन का काम करने वाली लड़कियों की गिरफ्तारी के लिए भेजा गया। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन द्वारा प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर पटेल, चंद्रभान विश्वकर्मा, आरक्षक सनिल एवं महिला आरक्षक भावना तिवारी के साथ जिला सतना के पुलिस थाना रामपुर बघेलान अंतर्गत ग्राम देवमऊ एवं पुलिस थाना कोटर अंतर्गत ग्राम टिकुरी से वारदात में शामिल दोनो लड़कियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिन्हें न्यायालय पेश करते हुए पुलिस रिमांड लिया गया। जिनसे पूछताछ पर अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना है।

### स्लीमनाबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल

# पन्ना में फरारी काट रहा था अंधे कत्ल का आरोपी

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत कैमोरी गांव के खेत में एक युवक की हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पन्ना जिले के रैगांव में फरारी काट रहा था। पुलिस आरोपी संदीप ठाकुर को न्यायालय में पेश किया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि 9 दिसंबर 2021 को देवरी निवासी रामसेवक पटेल ने सूचना दी थी कि देवरी गांव निवासी 34 वर्षीय राजेश उर्फ भोला पिता गणेश गुप्ता कैमोरी गांव स्थित अपने खेत में बने मकान में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक के शरीर में धारदार हथियार से चोट के निशान होने पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि क्षेत्र में ही रहने वाले संदीप ठाकुर का भोला गुप्ता से जमीन को लेकर विवाद हुआ थाा। घटना के दिन से संदीप ठाकुर गांव से लापता है। पुलिस ने संदेह के आधार संदीप ठाकुर की मां से की गई पूछताछ में पता चला कि संदीप द्वारा भोला की हत्या की गई है। हत्या के दौरान संदीप के कपड़ों में खून लग गया था। संदीप ने कपड़े उतारकर घर में रख दिया और दूसरे कपड़े पहनकर फरार हो गया। संदीप की मां ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से कपड़ों को चूल्हे में जला दिया था। पुलिस ने आरोपी की मां को साक्ष्य छिपाने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद मुख्य आरोपी संदीप ठाकुर को भी गिरफ्तार कर लिया है।







# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100 बिस्तरों के अस्पताल में बदलने विधानसभा में याचिका

## सदन में गूंजी बरही की बहुप्रतीक्षित मांग, विधानसभा सत्र के दौरान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने उठाया स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दा

**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने मप्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विजयराघवगढ़ विधानसभा के बरही नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को वर्तमान में 30 बिस्तरों से बढ़ाकर 100 बिस्तरों के अस्पताल में उन्नयन करने सम्बन्ध में विधानसभा में याचिका लगाते हुए मुद्दा उठाया। अपने क्षेत्र के सतत चौमुखी विकास एवं उन्नयन के लिए सदैव कृत संकल्पित क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक लगातार विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सक्रिय विधायकों मे से है उन्होंने बरही की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण कराने विधानसभा में अपनी आवाज उठाई । विधायक कार्यालय द्वारा जानकारी देते हुए बताया विधानसभा क्षेत्र में जमीनी स्तर पर जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहे है।

विधानसभा के महत्वपूर्ण व्यवसायिक केंद्र बरही नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में बहरी नगर, ग्रामीण क्षेत्रों, मैंहर विधानसभा और उमरिया जिले के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में मरीज आते हैं, ऐसे सभी मरीजों को मूलभूत सुविधाओ के साथ-साथ अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 100 बिस्तरअस्पताल में उन्नयन होना जरूरी है। बरही सामुदायिक केंद्र का 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन हो जाने से स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य होगा कोविड-19 आने के बाद भी अब स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं संवर्धन के कार्य को गति प्रदान करना आवश्यक है। 100 बिस्तरों के उन्नयन के बाद बड़े अस्पताल की तर्ज पर बरही में बिस्तर, ऑपरेशन थिएटर, बर्न यूनिट, आईसीयू एवं अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं का समावेश कर वार्डो में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी ।

# आग में झुलसने से पत्नी की मौत,पति गंभीर

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम किसगी में आग में जलकर पत्नी की मौत हो गई जबकि उसका पति आग में बुरी तरह झुलस गया। आग में झुलसे पति को उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया। पुलिस ने घटना में मृत पत्नी का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया ग्राम किसगी निवासी नारायण आदिवासी और उसकी पत्नी कामता बाई आदिवासी दोनों खेत में मकान बनाकर रहते थे। गतदिवस पता नहीं कैसे पति-पत्नी दोनों आग में बुरी तरह झुलस गए। दोनों को तत्काल उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने पत्नी कामता बाई को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि पति नारायण आदिवासी को प्रारंभिक उपचार के बाद गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया। पति-पत्नी आग में कैसे झुलसे अभी इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने घटना में मृत पत्नी कामता बाई का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# सड़क हादसे रोकने फिर शुरू हुई कवायद

## एसपी ने बैठक लेकर दिए दिशा निर्देश




**कटनी।** पुलिस कंट्रोल रूम में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर के अहम बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बढ़ रहे हादसों को लेकर चर्चा की। हादसों पर रोक लगाने के लिए कवायद तेज करने के निर्देश दिए। बैठक पुलिस विभाग सहित नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर हादसों पर कैसे लगाम लगाया जा सकता है। इस विषय पर गहन मंथन हुआ। शीघ्र ही हादसों को रोकने के लिए आवश्यक पहल शुरू की जाएगी। बैठक में एसपी सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला, स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी, विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी सहित थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# डाकघर में ढाई करोड़ की गड़बड़ी कर्मचारी के निलंबन का प्रस्ताव

यश भारत फॉलोअप

**कटनी।** मुख्य डाकघर में ढाई करोड़ रुपये से अधिक की हुई आर्थिक गड़बड़ी के मामले में लगातार जांच चल रही है। जांच दल में शामिल अधिकारी हार्डडिस्क सहित अहम दस्तावेज जबलपुर लेकर चले गए हैं और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ भी कहने की बात कह रहे हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो इस बड़े घोटाले में शामिल रहने वाले एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी ने अपनी सहित एक अधिकारी की आइडी से भी गड़बड़ी की है। जुलाई 20 से राशि ज्यादा उड़ाई गई है। इस पूरे मामले में अब प्रवर डाक अधीक्षक सहित मुख्य पोस्ट मास्टर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

# जहर खाकर युवती ने की आत्महत्या

## परिजनों ने गांव के ही युवक पर लगाया परेशान करने का आरोप

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हरदुआ में एक 21 वर्षीय युवती के द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर युवती को परेशान करने का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि युवक से परेशान होकर ही युवती ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। परिजनों ने युवक पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम हरदुआ निवासी 21 वर्षीय माधुरी दाहिया पिता बिसाहू दाहिया ने गतदिवस अत्यधिक मात्रा में जहरीली वस्तु का सेवन कर दिया। परिजन उसे तत्काल विजयराघवगढ़ अस्पताल लेकर गए। जहां से उसको गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल में उपचार दौरान युवती की मौत हो गई।

# नहीं साबित कर पाए लेटरपैड के फर्जी उपयोग का आरोप

## गणेश राव द्वारा न्यायालय में दायर परिवाद खारिज, एफआई आर दर्ज करने टी आई पर बनाया था दबाव

**कैमोर (कटनी)। कैमोर के एक बहुचर्चित मामले का कल न्यायालय में पटाक्षेप हो गया। विजयराघवगढ़ के प्रथम श्रेणी न्यायाधीश ने कैमोर सीमेंट एवं खदान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश राव द्वारा दायर उस परिवाद को सुनवाई और परिशीलन के बाद खारिज कर दिया जिसमें गणेश राव द्वारा यूनियन के ही एक पूर्व सदस्य अनुराग द्विवेदी पर अपने लेटरपैड के अनाधिकृत उपयोग का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध धारा 120 बी धारा 415, 420, 467, 468, 479, 471 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की मांग की गई थी। न्यायालय में परिवाद दायर करने से पहले यूनियन के अध्यक्ष गणेश राव द्वारा इस संबंध में कैमोर थाने में लिखित शिकायत कर अनुराग द्विवेदी के विरुद्ध एफआई आर दर्ज कराने न केवल कोशिश की गई बल्कि अपनी राजनैतिक पहुंच का गलत उपयोग करते हुए कैमोर टी आई पर अनावश्यक दबाव भी डलवाया गया। यहां तक कि जिला भाजपाध्यक्ष ने भी कैमोर टी आई अरविंद जैन की शिकायत कर उनका तबादला कुठला थाना कटनी करा दिया था हालांकि टी आई का पक्ष जानने के बाद एस पी ने टी आई का तबादला आदेश वापस ले लिया था।**

प्रकरण के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार एसीसी में सक्रिय श्रमिक संगठन कैमोर सीमेंट एवं खदान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश राव द्वारा इसी साल फरवरी में कैमोर थाने में एक लिखित शिकायत की गई कि संघ से निष्कासित एक सदस्य अनुराग द्विवेदी द्वारा उनके लेटरपैड का दुरुपयोग करते हुए खुद को अध्यक्ष दर्शाया गया है। लेटरपैड में कूटरचना कर फर्जी कार्यकारिणी भी दिखाई गई है। अध्यक्ष श्रीराव ने आरोपी अनुराग द्विवेदी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग अपनी शिकायत में की थी। प्राप्त शिकायत पर टी आई ने जब जांच शुरू की तो जिस लेटरपैड का फर्जी उपयोग किये जाने की बात कही जा रही थी वह कहीं मिला ही नहीं। यह बात सामने आई कि एक व्हाट्सएप ग्रुप में इस तरह की कोई पोस्ट वायरल हुई थी। जिस व्हाट्सएप ग्रुप में पोस्ट वायरल हुई गणेश राव उसके सदस्य भी नहीं थे। शिकायतकर्ता की ओर से उन्हें उपलब्ध कराया गया एक स्क्रीन शाट टी आई को दिखाया गया जिसे टी आई ने आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने का पर्याप्त आधार नहीं माना। जांच को आगे बढ़ाते हुए टीआई अरविंद जैन ने एसीसी मैनेजमेंट, श्रम पदाधिकारी, यूनियन रजिस्टार और यहां तक कि बीएमएस के प्रदेश कार्यालय से भी पत्र व्यवहार कर ऐसे किसी लेटरपैड की जानकारी मांगी जो अनुराग द्विवेदी द्वारा उन्हें भेजा गया हो, पर सभी जगह से यही जवाब मिला कि ऐसा कोई लेटरपैड या पत्र उनके कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ। टी आई द्वारा प्रकरण से जुड़े अन्य लोगों के कथन भी लिए गए जिसमे यह बात सामने आई कि कैमोर सीमेंट एवं खदान कर्मचारी संघ में गणेश राव अध्यक्ष पद पर पिछले कई सालों से काबिज है। कुछ सदस्यों ने यह आरोप भी लगाया कि 2016 के बाद से संघ के चुनाव नहीं कराये गए। अनुराग द्विवेदी एवं कुछ अन्य सदस्यों द्वारा संघ के विधिवत लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने की मांग की जा रही थी इसी बात को लेकर संघ में विवाद चल रहा। लेटरपैड के उपलब्ध न होने एवं व्हाट्सएप ग्रुप की किसी वायरल पोस्ट के स्क्रीन शाट के आधार पर जब टी आई ने एफ आई दर्ज नही की तो संघ के अध्यक्ष गणेश राव ने इस सम्बंध में एस डी ओ पी और फिर एसपी से मिलकर टी आई के विरुद्ध शिकायत की। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का भी सहारा लिया। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने टी आई को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। टी आई द्वारा की गई जांच से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया। प्रकरण में एक नया मोड़ पिछले महीने तब आ गया जब गणेश राव ने एक पत्रकार वार्ता बुलाकर टी आई अरविंद जैन से अपनी जान के खतरे का आरोप लगा दिया। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मिडिया में इस खबर के सामने आते ही हड़कंप मच गया।



### भाजपा जिलाध्यक्ष ने बनाया था दबाव

भाजपा के कुछ बड़े नेताओं ने टी आई पर कार्यवाही के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष खुद एस पी तक पहुंच गए। नतीजा यह हुआ कि एस पी ने दूसरे दिन सुबह ही कैमोर थाना प्रभारी के तबादला आदेश जारी कर दिए। इस आदेश को गणेश राव और उनके साथी संगी बड़ी जीत के रूप में देख रहे थे पर उनकी यह खुशी शाम तक भी टिक नहीं पाई और शाम होते होते टी आई का तबादला स्थगित होने का दूसरा आदेश आ गया।

### उपस्थित हुए टीआई, न्यायालय को कराया जांच से अवगत

पुलिस में अपनी शिकायत पर कोई कार्यवाही न होते देख गणेश राव अन्ततः न्यायालय पहुंच गए। उन्होंने 11 अक्टूबर 2021 को विजयराघवगढ़ के प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय में एक परिवाद दायर किया जिसमें संघ के पूर्व सदस्य अनुराग द्विवेदी पर कूटरचना कर लेटरपैड का उपयोग करने और पुलिस द्वारा शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न करने की बात बताई गई। गणेश राव ने न्यायालय से अनुरोध किया कि अनुराग द्विवेदी पर धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना का आपराधिक प्रकरण सम्बंधित धाराओं के तहत दर्ज करने के आदेश कैमोर पुलिस को दिए जाएं। श्री राव ने न्यायालय को यह भी बताया कि वे कई श्रमिक संगठनों के अध्यक्ष रह चुके हैए दो बार कैमोर नगर परिषद के अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए हैं। परिवाद स्वीकार कर न्यायालय ने इसकी सुनवाई शुरू की। दोनों पक्षों को सुना, प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन भी किया। पुलिस की ओर से अपना पक्ष रखने टी आई न्यायालय में उपस्थित हुए और की गई जांच से न्यायालय को अवगत कराया। टी आई ने अपने कथन में बताया कि जब व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज वायरल हुआ तब गणेशराव उस ग्रुप में सदस्य के रूप में भी जुड़े नहीं थे। उन्होंने यह भी बताया कि जिस लेटरपैड को लेकर शिकायत की गई है वह लेटरपैड आज दिनांक तक कहीं उपलब्ध ही नहीं हुआ है। सदस्य के संघ से निष्कासन के बारे में भी श्रम पदाधिकारी ने अनभिज्ञता दर्शाई है। अंत मे पाया गया कि जिस लेटरपैड में कूटरचना कर धोखाधड़ी करने के संबंध में परिवाद दायर किया गया है वह लेटरपैड कहीं सामने आया ही नहीं। न्यायाधीश ने विधि और तकनीकी की परस्पर क्रिया से दो स्थितियां निर्मित होने की बात अपने आदेश में कही। इसकी व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि या तो पारंपरिक अपराध में तकनीकी प्रयोग किया जाए या भौतिक जगत से भिन्न सायबर जगत में ऐसा कोई कार्य किया जाए जो अपराध की श्रेणी में आता हो। यदि तकनीक का प्रयोग पारंपरिक अपराध में हुआ हो तो पारंपरिक अपराध की धारा में प्रकरण दर्ज कर दंडित किया जाता है। प्रस्तुत प्रकरण में कूटरचित दस्तावेज उपलब्ध नहीं है ना ही न्यायालय में किसी भी पक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया। वाट्सएप स्क्रीन शाट के सम्बंध में 65 बी भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत नहीं है साथ ही व्हाट्सग्रुप मैसेज के उदभव की पहचान भी स्थापित नही होती अतः यह परिवाद खारिज किये जाने योग्य है।

# बस की ठोकर से महिला घायल

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत बस की टक्कर लगने से एक 50 वर्षीय महिला घायल हो गई। बताया जाता है कि विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बम्हौरी निवासी 50 वर्षीय रामबाई यादव बस क्रमांक एम.पी.19पी-0344 की ठोकर लगने से घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी बस चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले में घटना कारित करने वाली बस को भी जप्त किया और उसे थाने में खड़ा करवाया गया है।

### भूखण्ड/भवन नामांतरण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री आशीष जैन** निवासी- शांति नगर कॉलोनी कटनी म.प्र. ने शांति नगर कॉलोनी कटनी स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी 51 के लीज नामांतरण बावत आवेदन किया है। यह भवन **आर. के.लांबा** के नाम से आवंटित है।

यदि भूखण्ड/ भवन का लीज नामांतरण/ हस्तांतरण **श्री आशीष जैन** के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति/पारिवारिक सदस्यों/वित्तीय संस्था/ बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो वे ठोस प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के उपरांत 15 दिवस की अवधि के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर नामांतरण की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी। इसके उपरांत कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृ.नि. एवं अधो. वि. मंडल, संभाग कटनी**


यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033


टैरो क्वीन
राजुल मिश्रा द्वारा
टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार-दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें- 9343945285

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V.
(Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.


सभी प्रकार के ग्रेनाइट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful
Reliance digital
TRENDS GET THEM TALKING
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
City Pride Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्र. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)